an>

Title: Need to erect a wall surrounding reserve forest area in Deeg Tehsil, district Bharatpur to check movement of wild animals.

श्री बहादुर सिंह कोली : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र भरतपुर (राजस्थान) के तहसील डीग में माढेरा की रूंध के नाम से करीब 10 किलोमीटर के फैलाव में घना जंगल क्षेत्र है ...(व्यवधान) जिसके चारों तरफ करीब 30 गांव बसे हुए है ...(व्यवधान) माढेरा की रूंध में बहुत बड़ी मात्रा में नीलगाय व हिरण आदि जंगली जानवर रहते हैं जो किसानों की फसलों को खा जाते हैं और नुकसान पहुंचाते हैं ...(व्यवधान) इस क्षेत्र के किसानों के पास खेती के अलावा जीवन-यापन करने का और कोई माध्यम नहीं है। सर्दी के मौसम में रातभर किसान अपनी फसल की चौकसी करता रहता है ...(व्यवधान) कई बार अधिक सर्दी होने के कारण कई किसान अपनी खेती की रखवाली करते समय जान गवां चुके हैं ...(व्यवधान) यह क्षेत्र भतरपुर से डीग रोड से लगा हुआ है जिस पर वाहनों का आवागमन भी बहुत लगा रहता है। रात्रि के समय कई बार अचानक जंगली जानवरों के सड़क पर आने के कारण अनेक दुर्घटनाएं हो चुकी हैं ...(व्यवधान) अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि माढेरा की वन आरक्षित क्षेत्र की चारदीवारी निर्माण के लिए अपेक्षित धनराशि स्वीकृत कराए जाने की कृपा करें ...(व्यवधान) ताकि इस क्षेत्र के किसानों की एक बहुत बड़ी समस्या का समाधान हो सके।